न्याय के बदले सिपाही लगातार मांग रहा रिश्वत

तेजयुग न्यूज

रायबरेली। अपनी सख्त कार्यशैली को लेकर विभाग के मुखिया चाहे जितना अपने मातहतों को ईमानदारी और भ्रष्टाचार से दूर रहने की हिदायत देते रहे लेकिन चंद लाभ के चलते कुछ पुलिस के कर्मचारी उनकी इस मंशा पर आए दिन पानी फेरते देखें जा सकते हैं। ताजा मामला महाराजगंज कोतवाली का प्रकाश में आया है जहा पत्नी से पीड़ित एक पति ने थाने पर प्राथना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन आरोप है कि उसको न्याय व मदद दिलाने के एवज एक सिपाही द्वारा रिश्वत की लगातार मांग की गई। पीड़ित ने शनिवार को आयोजित समाधान तहसील दिवस में लिखित रुप से एसपी से की है।

❖ पत्नी से पीड़ित पति ने थाने में दी थी तहरीर, अब एसपी से गुहार

जानकारी के मुताबिक पीड़ित अनवर अली निवासी ग्राम कुसुमहुरा ने बताया कि कई बार उसकी पत्नी के द्वारा गैर व्यक्ति से बात करने पर विरोध किया गया जिस पर ससुराल पक्ष के द्वारा लगातार उसे व उसके परिवार को धमकाया जा रहा है जिसके चलते उसने एक बार जहर खाने का भी प्रयास किया था। परेशान हो कर उसने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था इसके बाद कोई मदद नहीं की गई बल्कि थाने पर तैनात एक सिपाही के द्वारा उससे पैसे की मांग की गई। उसका यह भी आरोप है कि विरोधी की थाने पर पकड़ होने के चलते कोतवाली पुलिस द्वारा उल्टा उसे ही फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेज देने की बात कही जा रही है। फिलहाल देखना दिलचस्प होगा कि अपनी निष्पक्ष छवि को लेकर जहां पुलिस अधीक्षक पहचाने जाते हैं। अब इस प्रकरण की जानकारी हो जाने के बाद एसपी आरोपियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं यह आने वाला समय बताया।

'नगर पंचायत' के 'बेड़े' में शामिल हुआ 'ट्रेक्टर ट्राली'

चेयरपर्सन नीलम सिंह ने विधि विधान से की पूजा अर्चना, हरी झंडी देकर किया रवाना

तेजयुग न्यूज

बस्ती। नगर पंचायत नगर के बेड़े में ट्रेक्टर ट्राली शनिवार को शामिल हो गया। चेयरपर्सन नीलम सिंह राना ने नए ट्रेक्टर ट्राली को हरी झंडी दिखाकर समारोह पूर्वक उद्घाटन किया। इसके पूर्व उन्होंने विधि विधान से उक्त वाहन का पूजन अर्चन किया। श्रीमती राना ने कहा कि नगर पंचायत के बेड़े में एक नए ट्रेक्टर के जुड़ने से स्वच्छता अभियान में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि इसी महीने में कुछ और नए वाहन नगर पंचायत परिवार का हिस्सा बनेंगे। श्रीमती राना ने स्वच्छ नगर, स्वस्थ नगर, समृद्ध नगर और सुन्दर नगर बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील किया।

अधिशाषी अधिकारी सुश्री कीर्ति सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत नगर को विकसित करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि संसाधन बढ़ने से कार्यों में सुगमता होती है। भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि नगर पंचायत नगर को देश का एक मॉडल नगर पंचायत बनाने का प्रयास जारी रहना चाहिए। सबका साथ सबका विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। समाज के अन्तिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर सभासद संजय सोनकर, विजय जायसवाल, राज कुमार चैधरी,राम सजन यादव, बिंदुलाल, तुलसीराम, अखिलेश यादव,विजय सहनी, दिनेश चैरसिया, बिरेंद्र कुमार, संदीप, सत्यराम निषाद, देवेश धर द्विवेदी, राकेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मूल भूत सुविधाएं न मिलने से नाराज उतरौला के आर्य नगर वार्ड नंबर 17 के वार्ड वासियों ने प्रदर्शन किया

आलोक गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर) : दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के विकास व सुंदरीकरण कार्यों को कागजों में जितना दिखाया गया शायद उतना धरातल पर नहीं हुआ है। पालिका परिषद के निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर शनिवार को उतरौला के आर्य नगर वार्ड नंबर 17 के वार्ड वासियों ने प्रदर्शन किया। वार्ड वासी रामचंद्र चौहान, ननकू चौहान, सुशील चौहान, रेखा, पलटू राम कौशल्या ने बताया कि मोहल्ला आर्य नगर वार्ड नंबर 17 लोनियाडीह के लोग मोहल्ले में सड़क, बिजली, पानी, नाली, साफ-सफाई से संबंधित समस्याओ से परेशान हैं।

नाली के अभाव में गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। लोगों को गंदे पानी से होकर आने-जाने में परेशानी होती है। वार्डवासियों की मानें तो मोहल्ले की सड़क का हाल भी बदहाल हो चुका है। अधिकतर सड़कें मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी हैं। वर्षों पहले जो सड़क मरम्मत के नाम पर चटनी चटाया गया था उसके बाद सड़क का हाल देखने कोई नहीं आया। ऊबड़-खाबड़ सड़क पर लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है। मुख्य सड़क को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग न होने के कारण यहां के लोगों को मोहल्ले के पीछे से लंबी दूरी तयं करना पड़ता है। मोहल्ले की अधिकतर सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं। जहां लाइट लगी भी है, अधिकतर खराब हो चुकी है।

मोहल्ले में पेयजल की समस्या भी बरकरार है। लोग यहां निजी नल से पानी की आपूर्ति करते हैं। मोहल्ले की बड़ी समस्या बिजली का पोल व तार है। कई लोगों के घर से सटा बिजली का पोल है, तो छत के बीचोंबीच से होकर बिजली तार गुजरा है। यह बड़े हादसा को दावत दे रहा है। गंदगी की भरमार के चलते वार्ड वासियों का जीना मुहाल है। मच्छर का प्रकोप बढ़ जाने के बावजूद फागिंग टीम कभी नहीं आती है।

सीएमओ ने किया टीकाकरण सत्र का निरीक्षण

टी.बी. लाल

बलरामपुर। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खण्ड तुलसीपुर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मुड़िया के धनुहिया में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एएनएम पूनम यादव टीकाकरण कर रहीं थीं।

निरीक्षण के समय तक एएनएम पूनम यादव द्वारा कुल 12 बच्चों तथा 04 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया था। पूनम यादव ने बताया कि आगनवाड़ी कार्यकत्री लक्ष्मी देवी अनुपस्थित है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एएनएम शांति सोनी को निर्देशित किया कि सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किया जाए। टीकाकरण से कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर डॉ सुमंत सिंह चौहान को निर्देशित किया कि वह यह सुनिश्चित करें कि सभी टीकाकरण सत्रों पर आवश्यक लॉजिस्टिक उपलब्ध रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सेखुनिया कला का भी निरीक्षण किया।

वहां पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत उपाध्याय उपस्थित थे तथा मरीजों का इलाज कर रहे थे। उनके द्वारा मरीजों की ब्लड प्रेशर तथा डायबिटीज की जांच नहीं किया जा रहा था, इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उन्हें निर्देशित किया की हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर आने वाले सभी मरीजों की आवश्यकता अनुसार ब्लड शुगर तथा ब्लड प्रेशर की जांच अवश्य किया जाए तथा हाई ब्लड प्रेशर और हाई ब्लड शुगर वाले मरीजों की लाइन लिस्टिंग कर उनका फॉलो अप भी किया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत उपाध्याय द्वारा कम ई संजीवनी किए जाने पर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उन्हें निर्देशित किया कि कम से कम पांच मरीजों का ई संजीवनी से इलाज अवश्य करवाया जाए। निरीक्षण के समय आशा जामंत्री देवी तथा शुचि श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।

कोतवाली नगर पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ 01 अभियुक्त को दबोचा

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त राजा बाबू उर्फ अनीश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 अदद नशीली गोलियां बरामद किया। थाना को0 नगर के उ0नि0 बृजेश कुमार गुप्ता मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गुलाब शाह तकिया कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग पर अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 व्यक्ति खड़ा है प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा बताये गए स्थान पर घेराबन्दी कर अभियुक्त राजा बाबू उर्फ अनीश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 अदद नशीली गोलियां बरामद किया गया।

कोतवाली नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को दबोचा, बाईक बरामद

तेजयुग न्यूज

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना को. नगर पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाकिल के साथ अभियुक्त आदर्श कुमार दूबे को लालपुर चन्द्रभान मोड से गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण मुताबिक दिनांक 27.01.2024 को वादी दिनेश शंकर चौबे पुत्र स्व. धूपनरायन चौबे नि. हारीपुर पोस्ट पथवलिया थाना को0 नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को. नगर में मोटरसाईकिल चोरी होने की सूचना दी गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को. नगर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त आदर्श कुमार दूबे को लालपुर चन्द्रभान मोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे चोरी की हीरो सुपर स्पेलेण्डर बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को. नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

मनरेगा श्रमिकों को दिलाई निष्पक्ष मतदान की शपथ

पंकज मिश्र

महराजगंज तराई (बलरामपुर) : लोकसभा चुनावों को लेकर संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत महादेव जमुनी में कार्य कर रहे मनरेगा श्रमिकों को निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान की शपथ दिलाई। बीडीओ राजीव मोहन त्रिपाठी ने बताया कि भयमुक्त होकर मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी दौरान मनरेगा योजना में संचालित कार्यों पर काम कर रहे श्रमिकों को भी शपथ दिलाई गई।

उन्होंने बताया कि विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत महादेव जमुनी में कार्यस्थल पर जाकर कार्य कर रहे मनरेगा श्रमिकों को स्वयं एवं 18 वर्ष पूरी कर चुके परिवार के अन्य सदस्यों को भी मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार ग्राम प्रधान रोजगार सेवक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

लोस चुनाव के मद्देनज़र 12667 लोगों के विरूद्ध चालानी रिपोर्ट!

अब तक 5721 लोग हो चुके पाबंद, 13 पर एनडीपीएस, 33 पर शस्त्र अधिनियम की गाज 88 पर आबकारी अधिनियम की कार्यवाही

❖ एसपी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के संबंध में सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया

कौशल पाण्डेय

गोण्डा : पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव सेल का किया गया निरीक्षण , समस्त क्षेत्राधिकारियों ,प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। आज पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत चुनाव सेल का निरीक्षण कर अब तक की गयी चुनाव सम्बन्धी सभी तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । तत्पश्चात एसपीद्वारा समस्त क्षेत्राधिकारियों प्रभारी, निरीक्षक, थानाध्यक्षों के साथ वर्चुअल गोष्ठी कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की।

एसपी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के संबंध में सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया तत्पश्चात एसपी द्वारा जनवरी से अब तक 107/116 के अन्तर्गत पाबन्द कराए गए व्यक्तियों के संबंध में, अराजकतत्वों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही की समीक्षा की। एसपी द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारीगणों को आगामी चुनाव के दृष्टिगत जनपद गोण्डा को आवंटित होने वाली पैरामिलिट्री फोर्स के रूकने,ठहरने के लिए किए जा रहे पुलिस प्रबंधो को मानक के अनुरूप चेक करने तथा पैरामिलिटरी फोर्स के साथ एरिया डोमिनेशन हेतु चिन्हित क्रिटिकल, वल्नरेबल स्थानों का भौतिक सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपराध में लिप्त व्यक्तियों के लाइसेंस को निरस्त कराये जाने हेतु रिपोर्ट प्रेषित करने व अराजक तत्वों के विरूद्ध गुण्डा, गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही किए जाने हेतु कड़ाई से निर्देशित किया गया। सभी मतदान केन्द्रो का भौतिक सत्यापन कर कमियों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं मतदान स्थल पर आने जाने वाले मार्गो का भ्रमण कर मार्गो का निरीक्षण करने हेतु समस्त प्रभारीनिरीक्षक, थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया।

गोण्डा पुलिस द्वारा जनवरी 2024 से अब तक आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 107/116 में 12,667 व्यक्तियों की चालानी की गयी तथा 5,721 व्यक्तियों को पाबन्द किया गया , शस्त्र अधिनियम में 33 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है , एनडीपीएस में 13 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 55 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है, आबकारी अधि. में 88 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 1086 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। गुण्डा एक्ट में 42, तथा गैंगस्टर ऐक्ट में 14 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष , पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी थाना प्रभारी व राजपत्रित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए गए ।

थारू जनजाति महिलाओं को संस्था द्वारा वितरित की 50 सिलाई मशीन टूल किट

मोहमद रईस

पचपेड़वा (बलरामपुर) : पचपेडवा के थारू जनजाति क्षेत्र विशुनपुर विश्राम में पूर्व प्रधान सुशीला देवी के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान संत कबीर नगर द्वारा कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से टूल किटस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 50 हस्त शिल्पियों को सिलाई मशीन टूल किट्स वितरण किया गया जिसमें नंदिनी,माया, दुर्गावती, आराधना, लक्ष्मी, संगीता, अंजली, विनीता, प्रिती, ममता, मुन्नी देवी, समेत कुल 50 आर्टिजन को जरी एंड जरी गुड्स क्राफ्ट के तहत सिलाई मशीन एवं टूल किड्स वितरण किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम एच पी ओ श्री राम त्रिपाठी, संस्था कोषाध्यक्ष कंचन मुन्नी देवी थारू समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

कटराबाजार पुलिस ने मनचले को दबोचा

तेजयुग न्यूज

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी करनैलगंज चन्द्रपाल शर्मा के नेतृत्व में थाना कटराबाजार पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-59/24, धारा 354, 506 भादवि, 9एम/10 पाक्सो ऐक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त परवेज उर्फ अमजद को बनगांव पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना कटराबाजार क्षेत्र की रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना कटराबाजार में सूचना दी गयी कि उनकी नाबालिग लड़की के साथ विपक्षी परवेज उर्फ अमजद द्वारा छेडछाड की गयी है। वादिनी की तहरीर पर थाना कटराबाजार में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसकी विचेचना उ0नि0 सुनील कुमार द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए उक्त आरोपी अभियुक्त को आज दिनांक 02.03.2024 को थाना कटराबाजार पुलिस टीम द्वारा बनगांव पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

करनैलगंज तहसील में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

तेजयुग न्यूज

गोण्डा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील करनैलगंज में जनसुनवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम राधेश्याम राय ने लोगों की शिकायतों को सुनकर उसे सुलझाने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर करनैलगंज तहसील में भारी भीड़ लगी रही।लोग अपनी बारी का इंतज़ार करते हुये नजर आये।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधे श्याम राय ने शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उसे सुलझाने के निर्देश अपने मातहतों को तत्काल प्रभाव से दिये। इस अवसर पर करनैलगंज सर्किल के समस्त थानों की पुलिस तथा फरियादियो और राजस्व टीम की काफी भीड़ इकट्ठा रही। इस मौके पर सीओ करनैलगंज चन्द्र पाल शर्मा तथा एसडीएम करनैलगंज मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियो की भीड़ लगी रही। कोई चक रोड,तो खलिहान पर कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचा था।

मुंजहा आश्रम में हिन्दू महासंघ ने किया समरसता-भोज का आयोजन

तेजयुग न्यूज

गोण्डा। नगर के उतरौला रोड स्थित मुंजहा बाबा आश्रम में शुक्रवार को विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में विराट सहभोज का आयोजन किया गया। महासंघ के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर चल रहे समरसता पखवारे में आयोजित इस विराट सहभोज कार्यक्रम में सुबह से शाम तक सभी वर्ग के सैकड़ों लोगों ने एक साथ जमीन पर बैठकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्व हिंदू महासंघ के मुंजहाबाबा आश्रम में जिला कार्यालय में अध्यक्ष विजय मिश्रा ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा समाज में स्थापित किए गए सौहार्द की चर्चा कर उनका नमन किया। श्री मिश्र ने अपने सम्बोधन में महासंघ के पदाधिकारियों से जातीय भेदभाव के खिलाफ संघर्ष का आह्वान करते हुए कहा कि सनातन समाज में सौहार्द स्थापित करने के लिए संभ्रांत लोगों को मांगलिक उत्सव एवं प्रीति भोज जैसे कार्यक्रमों में भेदभाव का परित्याग कर सभी जाति व गरीब अमीर को एक साथ सम्मानपूर्वक भोजन जलपान करने की आवश्यकता है। समाज के सौहार्द को कई राजनैतिक पार्टियां स्वार्थवश लोगों में जाति व धर्म का विष घोलकर विषाक्त कर रही हैं।